OFFICIAL PUBLICATION OF
RAJ STATE BRANCH OF INDIAN MEDICAL ASSOCIATION

# IMA Rajasthan

## E-NEWS LETTER

Year : 1 | December 2024 | Issue : 9

National Vice President :
**Dr. Ashok Sarda**
**Mob. 9829038266**

Jt. Finance Sec. (Hq.) :
**Dr. M. N. Thareja**
**Mob. 9352200001**

Imm. Past President :
**Dr. Sunil Chugh**
**Mob. 7230001947**

President :
**Dr. Rajnish Sharma**
**Mob. 9829096480**

President Elect :
**Dr. M. P. Sharma**
**Mob. 9413378778**

Hony. Secretary
**Dr. P. C. Garg**
**Mob. 9414038721**

Treasurer :
**Dr. N. K. Agarwal**
**Mob. 9829141006**

Chief Editor :
**Dr. S. N. Harsh**
1-Sadul Colony
Ambedkar Circle
Bikaner-334001
M. : 9414140004
drsnharsh@gmail.com

## Message from the President's Desk



**Dear Colleagues,**

As we welcome the New Year, I extend my warmest wishes for health, happiness, and success to all doctors and their families. Let 2025 be a year of progress, unity, and renewed strength for the medical fraternity of Rajasthan.

This year, we commit to addressing the key issues facing our profession ensuring safety in hospitals, revising rates for health insurance schemes, and advocating for fair policies to improve working conditions for doctors across the state. Together, we will strive for better infrastructure, reduced regulatory burdens, and enhanced trust in the doctor-patient relationship.

Let us work collectively to secure a brighter, safer, and more prosperous future for our profession and the healthcare system of Rajasthan. Your support and dedication are the pillars of our success.

Wishing you a very Happy New Year!

**Dr. M P Sharma**
**President, IMA Rajasthan (2025)**




**सही काम करने के लिए समय हर वक्त ठीक ही होता है।**


TATA ev
TATA
your prescription —
to a healthier tomorrow
Low running cost of ₹1/km*
Punch.ev
Nexon.ev
Tiago.ev
Get benefits up to ₹1,40,000* on TATA.ev range
Save up to ₹4.5 lakh in 4 years* while you make the most of:
Born automatic for superior driving comfort
Silent cabin for stress-free drives
Growing network of 12,000+ public charging stations*
and a lot more.
So wait no more, drive home a TATA.ev today for a greener tomorrow.
Range starts at ₹7.99 Lakh*
Give a missed call on 9167196841 to know more!!
*T&C apply
Tata.ev
Tata.ev
TATAev
TATA.ev
tata.evofficial

## राइजिंग राजस्थान में आई एम ए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रजनीश शर्मा द्वारा सुझाव–

राइजिंग राजस्थान में हेल्थ सेक्टर को प्रभावी रूप से विकसित करने के लिए आवश्यक है कि उसे हेल्थ इंडस्ट्रीज का दर्जा दिया जाए।

हेल्थ सेक्टर में एमएसएमई के प्रावधानों को लागू किया जाए।

इलेक्ट्रिक टैरिफ : विद्युत दर प्रति यूनिट कम होने व अन्य लाभों से हेल्थ सेक्टर राजस्थान में मेडिकल टूरिज्म को विकसित कर सकेगा।

आई एम ए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रजनीश शर्मा ने बताया कि भारत में पीएचसी, सीएचसी डिस्ट्रिक हॉस्पिटल सैटलाइट सेंटर, सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल है पर रेगुलर क्वालिटी ट्रेनिंग डॉक्टर्स,नर्सिंग स्टाफ पैरामेडिकल स्टाफ व अन्य कर्मचारियों की होती रहे इसकी नितांत आवश्यकता है और इसमें आई एम ए राजस्थान अपनी 72 ब्रांचेस द्वारा पूरा सहयोग करने को तैयार है

डॉ. रजनीश शर्मा ने मा योजना में पैकेज दरों को व्यवहारिक बनाने पर बल दिया।

डॉ. रजनीश शर्मा ने बताया की जीवन रक्षक दवाओं,उपकरणऔर हेल्थ सेक्टर की अन्य सुविधाओं को जीएसटी से मुक्त करना चाहिए तभी हेल्थ सेक्टर में इकोनामिक एवं उचित दरों पर निदान और उपचार संभव हो सकेगा।

राइजिंग राजस्थान में फ्यूचर केयर: ट्रांसफॉर्मिंग हेल्थ केयर इनोवेशन (भविष्य की स्वास्थ्य सेवाएं आधुनिकतम तकनीक) से संभव इस परिचर्चा में राजस्थान के हैल्थ मिनिस्टर श्री गजेंद्र सिंह जी खींवसर, हैल्थ सेक्रेट्री श्रीमती गायत्री राठौर उपस्थित थी। हेल्थ सेक्टर में कई देशों के प्रतिनिधि उपस्थित थे व देश की नामचीन कंपनियों के निदेशक उपस्थित रहे।

हैल्थ केयर सेक्टर में 26000 करोड़ से अधिक के MOU किए गए।

हैल्थ सेक्रेट्री श्रीमती गायत्री राठौर ने राजस्थान की स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रेजेंटेशन दिया और बताया कि किस प्रकार हम आधुनिक सेवाओं को साथ लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कीभविष्य में राजस्थान में हैल्थ सेक्टर को उन्नत करने के लिए रिसर्च एंड डवलपमेंट पर बल देना होगा।

कार्यक्रम का संचालन जोधपुर एम्स के पुनीत भारद्वाज ने किया। एनएचएम के अध्यक्ष भारती दीक्षित, आयुर्वेद विभाग के सचिव भवानी सिंह देथा, डॉक्टर सुनीत राणावत, डॉक्टर प्रियंका गोस्वामी, डॉक्टर सुशील परमार जयपुर सीएमएचओ डॉक्टर शेखावत, संयुक्त निदेशक डॉ. नरोत्तम शर्मा, डॉ. प्रवीण झारवाल आदि उपस्थित रहे।

–डॉ. रजनीश शर्मा अध्यक्ष (2024)

**हमारी दुनिया को सबसे ज्यादा एक नये नैतिक ढांचे की जरूरत है।**

Fighter Doctor BIKANER के
**कार्डियोलॉजिस्ट एवं आयुष्मान हार्ट केयर हॉस्पिटल के संचालक डॉ. बीएल स्वामी के जज्बे को सलाम।**

आपने आयुष्मान हार्ट केयर बीकानेर में हार्ट अटैक के मरीज की लगभग दो वर्ष पहले एंजियोप्लेस्टी करके जान बचायी। मरीज के ठीक हो जाने के बाद मरीज के परिजनों ने हास्पिटल में तोड़फोड़ के लिए कुछ उपद्रवी लड़के बुलाये और हॉस्पीटल का बिल जमा नहीं कराया!

डॉ. स्वामी ने बकाया बिल के लिए कोर्ट में परिवाद दायर किया। अब कोर्ट ने कुर्की का आदेश दिया एवम् अपराधियों के विरुद्ध वारंट जारी कर उन्हें थाने भेजा है। 'अपने अधिकार और स्वाभिमान की रक्षा के लिए डॉ. स्वामी द्वारा लड़ी गई ये लड़ाई हम सभी के लिए प्रेरणास्पद है।'







टीम आईएमए राजस्थान पिछले दो सालों से प्रयासरत थी की Hospitals / nursing homes के लिए Fire NOC को हर साल लेने की अनिवार्यता खत्म हो जाए जिससे सभी चिकित्सक बंधुओं एवं उनके अस्पतालों को राहत मिल सके और उनका काम आसान हो सके। टीम आईएमए राजस्थान द्वारा सरकार के साथ कई लगातार मीटिंगों के पश्चात सरकार ने सितम्बर 2023 में एक निर्देश पत्र जारी किया था जिसमें चिकित्सा संस्थानों को कई छूट दी थी।

टीम के बार बार प्रयासों से अब व्यवहारिक रूप से Fire NOC Web Portal पर लागू कर दिया गया है।

इस order के अनुसार

1) जिन clinics या diagnostic centers जहां beds नहीं हैं, यानी जहां मरीज भर्ती नहीं होते हैं और जो ground plus one, यानि दो मंजिला इमारत में हैं एवं 1000 वर्ग मीटर से कम एरिया में बने हुए हैं उन्हें Fire NOC की अनिवार्यता नहीं है।

2) जिन hospitals की ऊंचाई 15 मीटर से कम है एवं 1000 मीटर से कम एरिया में बने हुए हैं, उन्हें Fire NOC हर 5 साल में renew करानी पढ़ेगी।

3) जिन hospitals की ऊंचाई 15 मीटर से कम है एवं 1000 से 3000 वर्ग मीटर एरिया में बने हुए हैं, उन्हें Fire NOC हर 3 साल में renew करानी पढ़ेगी।

4) शेष hospitals को Fire NOC हर साल renew करानी पढ़ेगी। इस तरह Rajasthan की करीब 90 से 95% hospitals को इसका लाभ मिलेगा और उन्हें Fire NOC प्रतिवर्ष की जगह 3 से 5 साल में renew करानी पढ़ेगी।

जिन भी चिकित्सकों एवं अस्पतालों को इस निर्देश पत्र से लाभ मिला है।

उनको बहुत बहुत शुभकामनाएं। आप सभी अपनी टीम आईएमए राजस्थान का सहयोग इसी तरह करते रहिए।

**हर सन्त का एक अतीत होता है और हर पापी का एक भविष्य।**

## कार्यक्रम : मिली आईएमए प्रदेश नेतृत्व की जिम्मेदारी, प्रदेश के डॉक्टर्स हुए शामिल आईएमए प्रदेशाध्यक्ष ने ली शपथ, कहा- डॉक्टर्स व समाज हित में संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे

आईएमए राजस्थान-2025 की ओथ टेकिंग सेरेमनी हनुमानगढ़ टाउन के जीएम रिसोर्ट में हुई। इसमें आईएमए प्रदेशाध्यक्ष डॉ. एमपी शर्मा ने शपथ ग्रहण की। वहीं, आईएमए के रीजनल प्रदेश उपाध्यक्ष के तौर पर डॉ. मंजू राठी जोधपुर, डॉ. जीडी शर्मा बीकानेर, डॉ. राहुल कट्टा व डॉ. आरपी शर्मा उदयपुर को शपथ दिलाई। खास बात है कि यह पहला अवसर था कि आईएमए प्रदेशाध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह हनुमानगढ़ में आयोजित किया गया। आईएमए में प्रदेश नेतृत्व की जिम्मेदारी पहली बार हनुमानगढ़ के डॉ. एमपी शर्मा को मिली है।



कार्यक्रम में कलेक्टर कानाराम, एसपी अरशद अली, डॉ. एस. एन. हर्ष पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आईएमए, डॉ. सुनील चुघ पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान आईएमए, डॉ. रजनीश शर्मा तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान आईएमए, डॉ. प्रवीण गर्ग सचिव आईएमए राजस्थान अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1928 में गठित आईएमए संस्था पूरे विश्व में सबसे बड़ी प्रोफेशनल संस्था है। इसमें राजस्थान में ही 65 हजार डॉक्टर मेंबर है। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि आईएमए के बैनर तले सभी डॉक्टर्स एकजुट हैं और रोगियों की सेवा कर रहे हैं। वक्ताओं ने उम्मीद जताई कि आईएमए की नई टीम संस्था में नए आयाम स्थापित करेगी और डॉक्टर व समाज हित में ऐतिहासिक कार्य करेगी।



आईएमए के नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष डॉ. एमपी शर्मा ने कहा कि सरकारी सेवा से निवृत होने के बाद संगठन में सेवा का मौका देने के लिए मैं राष्ट्रीय पदाधिकारियों और प्रदेश भर के डॉक्टर्स का सदैव ऋणी रहूंगा। उन्होंने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष के तौर पर यही प्राथमिकता रहेगी कि डॉक्टर्स से संबंधित मुद्दे जिनका प्रदेश स्तर पर हल करवाने के लिए हरसंभव कोशिश की जाए। इसमें हम सभी आईएमए पदाधिकारी व सदस्य मिलजुलकर कार्य करेंगे। जिलों में आईएमए को और मजबूत किया जाएगा। जिलों में कानून व्यवस्था के लिहाज से डॉक्टर्स से संबंधित मुद्दों को लेकर अगर कोई समस्या आती हैं तो जिला पदाधिकारी कलेक्टर-एसपी से समन्वय स्थापित करते हुए वार्ता करेंगे तो उनका तजुर्बा है कि बात करने पर सुनी जाती है और समस्या हल भी होती है। ऐसे में हम सभी डॉक्टर्स आईएमए के बैनर तले सकारात्मक रूप से कार्य करेंगे।

**बेहतर चिकित्सा सुविधाएं और सुरक्षित चिकित्सीय वातावरण निर्माण के लिए लेंगे सुझाव :** प्रदेशाध्यक्ष डॉ. एमपी शर्मा ने कहा कि पूर्व में चेन्नई में हुई राष्ट्रीय 231वीं सीडब्ल्यूसी बैठक सर्वसम्मति से हेल्थ मैनिफेस्टो-2024 पारित किया जा चुका है। उसी तरह प्रदेश में वर्तमान में हेल्थ पैरामीटर में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं और सुरक्षित चिकित्सकीय वातावरण निर्माण के लिए सुझाव संकलित कर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं को सुपुर्द किया जाएगा ताकि स्वास्थ्य नीति निर्धारण के समय उपयोगी साबित हो सके। उन्होंने कहा कि आईएमए स्थापना का शताब्दी वर्ष 2028 में है जिसे ऐतिहासिक बनाने के लिए आईएमए की प्रदेश कार्यकारिणी पूरा सहयोग देगी।

**कार्यक्रम में यह रहे मौजूद :** आईएमए जिला शाखा के संरक्षक डॉ. पारस जैन, प्रदेशाध्यक्ष डॉ. प्रताप सिंह शेखावत, सचिव डॉ. ऐश्वर्य गुप्ता, वित्तीय सचिव डॉ. ओपी सोलंकी व एडवाईजर डॉ. राजीव मुंजाल ने राष्ट्रीय व प्रदेश के आईएमए पदाधिकारियों का अभिनंदन किया। इस मौके पर सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा, पीएमओ डॉ. शंकर सोनी, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. कीर्ति शेखावत, ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. ज्योति धींगड़ा, आईएमए के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. निशांत बत्तरा, डॉ. रमेश बरायच, डॉ. भवानी सिंह ऐरन, डॉ. मनोज शर्मा, डॉ. एसएस गेट, डॉ. रविशंकर शर्मा, डॉ. बृजेश गौड़, डॉ. आरसी ओला, डॉ. मदन सिंह शेखावत, डॉ. आदित्य चावला, डॉ. तज़ा बराड़ सहित प्रदेश भर के जिलों से आए डॉक्टर्स मौजूद थे।




**Dr M N THAREJA ON DIAS OF NATCON 2024**

Congratulations to Udaipur ima team and salute to work of dr anand gupta ji and dr chug sir for getting name of Udaipur ima at national level.




## Dr Fariyad ( Bhilwara) National Conference




**Heartiest congratulations to the whole Bhilwara branch for getting this National Level Appreciation, Proud moment**

**शासक के पास बन्धन तोड़ने के हमेशा वैधानिक कारण होते है।**

**Heartiest congratulations to Dr. B. L. Nayak for his honour at National Level, he has shown his capability of activating the branch and making/ increasing remarkably good number of membership**

---

**Congratulations to all award winners from Rajasthan in 29th all India medical conference.**
**Congratulations to Udaipur team in leadership of dynamic personality Dr Anand ji, Dr Prashant ji.**
**Congratulations to Dr chugh sir as national Vice President,**
**Congratulations to Dr Roop singh ji (always smiling)**
**Congratulations to Bhilwara team Dr Somaniji Dr Fariyad ji & Dr Dushyant**
**Congratulations churu team**
**Dr N K Agrawal**
**(State Finance Secretary)**

---

आप सभी का दिल से आभार
आप सभी के सहयोग ओर सम्मिलित प्रयासों से ही आज स्टेट आई एम ए, राजस्थान का नाम सभी प्रकार की नेशनल गतिविधियों में एक आशा के साथ सम्मानपूर्वक रूप से जाना ओर माना जाता है।
इसका प्रमाण है कि पिछले सालों में लगातार राजस्थान का उच्च स्तरीय प्रतिनिधित्व नेशनल HQ की ऑफिस बीयर्स टीम में नेशनल वाइस प्रेसिडेंट एवं अन्य पदों पर हमारी टीम की उपस्थिति।
पिछले पांच सालों में प्रतिवर्ष IMA Rajasthan के 5 से 15 कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय पुरस्कारों का मिलना।
आशा ही नहीं अपितु पूरा विश्वास हैं कि हम एकजुट हो जाएं तो कुछ भी असंभव नहीं।
सभी विजेताओं को बहुत बहुत बधाई
डॉ. सुनिल चूघ सर को वाइस प्रेसीडेंट hq ka पदभार ग्रहण करने पर स्टेट ima की तरफ से बहुत बहुत बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं।
डॉ. पी. सी. गर्ग (State General Secretary)

**उनके लिए इस दुनिया में हमेशा खतरा है जो इससे डरते हैं।**

**Respected Leaders of IMA,**

**Humbled by the announcement that our Udaipur Branch has been adjudged as Best Branch among more than 1700 branches across the nation**

**Very special gratitude for the Leaders of IMA Rajasthan for recognising our efforts and recommendation at national level**

**Heartfelt appreciations for the executive council members of IMA Udaipur who have worked tirelessly to make all events so meticulous and perfect**

**This wouldn't be possible without active participation of all members in all activities and believing in the association**
**Medical fraternity of Udaipur remains bonded with blessings of our senior members and guidance of senior leaders**

**Special thanks to all medical associations who have stood unconditionally with IMA**
**Humbled and happy !**

**Dr Anand Gupta (President)**
**Dr Prashant Agarwal (Secretary)**
**Dr Deepak Shah (Treasurer)**




**Dr. Sunil Chugh and Dr. Roop Singh**




**Participants in National Conference at Hyderabad**

**अपराध होने ही न देना अपराधियों को दण्डित करने से बेहतर है।**

# Office Order

Raj/StateIMA/2024/130 Date 22-12-2024

In view of the increasing antimicrobial resistance (AMR) among patients and to curb the indiscriminate use of antibiotics a statelevel committee of the State IMA is being constituted- This committee will coordinate with all the branches of all zones across the state to establish AMR containment committees at the district/branch level- they will also organize workshops to educate all doctors and other relevant staff on this subject-

The committee will send its progress report to the state office every month and review the activities conducted by the branches under its jurisdiction-

Committee Members:

| | |
|---|---|
| 1. Dr. Lokendra Sharma (Jaipur) | Chairman |
| 2. Dr. Fariyad Mohammad (Bhilwara) | State Coordinator |
| 3. Dr. Mahesh Sharma (Bikaner) | Member |
| 4. Dr. Sweety Soni (Jaipur) | Member |
| 5. Dr. S. C. Mittal (Bharatpur) | Member |
| 6. Dr. Siddharth Lodha (Jodhpur) | Member |
| 7. Dr. Umesh K. Vijay (Kota) | Member |
| 8. Dr. Sushil K Sahu (Udaipur) | Member |
| 9. Dr. Rajendra Singh (Bhiwadi) | Member |

Dr Rajnish Sharma
State President

Dr P C Garg
Hon. State Secretary

# Election Commission Notification

Raj/StateIMA/2024/139 Date : 31-12-2024

कार्यालय आदेश

चुनाव आयोग का पुनर्गठन

स्टेट आईएमए एवं उसकी सभी ब्रांचों के चुनाव समय पर सुचारू रूप से कराने हेतु निम्नलिखित सदस्यों के साथ चुनाव आयोग का पुनर्गठन किया जाता है।

1. डॉ. एस. एन. हर्ष – मुख्य चुनाव अधिकारी
2. डॉ. एम. एन. थरेजा – सदस्य
3. डॉ. अशोक शारदा – सदस्य

यह चुनाव आयोग स्टेट आईएमए एवं उसकी सभी ब्रांचों के चुनाव संबंधित सभी कार्यों की उपयुक्त कार्यवाही करते हुए चुनाव आयोजित करने एवं समय पर चुनाव संपन्न कराने के लिए अग्रिम आदेश तक अधिकृत रहेगा।

डॉ. एम पी शर्मा,
अध्यक्ष

डॉ. पी सी गर्ग,
महासचिव

अति अगर अच्छाई की हो तो वह भी अन्ततः बुराई में तब्दील हो जाती है।



इंडियन मेडिकल एसोसिएशन चौमूं के चिकित्सकों ने बुधवार को 7 सूत्री मांगों को लेकर एसडीएम दिलीप सिंह राठौड़ को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (एमएए) बीमा योजना में अन्य बीमारियों को भी शामिल करने और योजना में पैकेज बढ़ाने सहित कई अन्य मांग रखी हैं।

## इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जोधपुर के ड क्टर्स की तीन दिवसीय बैडमिंटन लीग का आगाज 3 जनवरी से

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जोधपुर के तत्वावधान में 3 से 5 जनवरी 2025 को एक बैडमिंटन लीग का आयोजन किया जा रहा है। इस रोमांचक खेल प्रतियोगिता में 8 टीमों के कुल 100 डॉक्टर भाग ले रहे हैं। यह आयोजन शास्त्री नगर स्थित सिटी स्पोर्ट्स अकादमी में होगा, जो अपनी आधुनिक सुविधाओं के लिए प्रसिद्ध है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जोधपुर के सचिव जोधपुर डॉ. सिद्धार्थ लोढ़ा ने प्रेस वार्ता में बताया कि डॉक्टरों के बीच इस बैडमिंटन लीग को लेकर जबरदस्त उत्साह है, क्योंकि यह न केवल खेल भावना को बढावा देगा, बल्कि स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता भी उत्पन्न करेगा। लीग के लिए फॉक्सवैगन ने मुख्य प्रायोजक के रूप में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। यह लीग डॉक्टरों के लिए एक मंच प्रदान करेगा, जहां वे खेल के माध्यम से अपनी ऊर्जा और क्षमता का प्रदर्शन कर सकते हैं।

आईएमए जोधपुर के कोषाध्यक्ष डॉ. प्रदीप जैन ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां डॉक्टरों की व्यस्त दिनचर्या के बीच उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने में सहायक सिद्ध होती हैं।




आयोजन स्थल पर दर्शकों के लिए बैठने और अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि यह लीग न केवल प्रतिभागियों बल्कि दर्शकों के लिए भी यादगार बन सके। यह बैडमिंटन लीग जोधपुर के खेल इतिहास में एक नई पहचान बनाएगी और डॉक्टरों के जीवन में खेल और स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ावा देने का एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करेगी।




**President IMA**
**Dr. M. P. Sharma**
**at Udaipur**



**सबसे खतरनाक वह दिशा होती है, जिसमें आत्मा का सूरज डूब जाए।**

## डॉ. के.सी. माथुर को प्रोफेसर एमेरिटस एवार्ड



आई.एम.ए. बीकानेर 'इण्डियन मेडिकल एसोसियेशन बीकानेर' के आजीवन सदस्य, एवं सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के शरीर क्रिया विज्ञान फिजीयोलोजी के पूर्व आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. के. सी. माथुर को आई. एम.ए. की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा 'प्रोफेसर एमेरिटस' एवार्ड प्रदान किया गया। ये कार्यक्रम हैदराबाद (तेलगांना) में आई. एम.ए. की राष्ट्रीय क्रान्फ्रेंस के तहत आयोजित हुआ। सचिव डॉ. एस. एन. हर्ष ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुऐ बताया कि इस कार्यक्रम में डॉ. माथुर द्वारा बीकानेर राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया गया, जो गर्व की बात है। आई. एम.ए. के स्थानीय कार्यालय में हैदराबाद से लौटने पर पदाधिकारियों एवं चिकित्सको ने डॉ. माथुर का स्वागत किया।






**जैसे ही भय आपकी ओर बढे, उस पर आक्रमण करते हुए उसे नष्ट कर दो।**

राजस्थान सरकार

निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान, जयपुर

क्र.–F(16)/HA/POCSO-FSL/-03942-6720300/2024/648 दिनांक– 23/12/2024

**परिपत्र**

विषयः– पोक्सो अधिनियम की पीडिताओ के मामले में परिक्षण करने वाले मेडिकल बोर्ड को सैंपल के अटूट रूप से एफएसएल में पहुँचने को सिद्ध किया जा सके, इस हेतु निर्देश देने बाबत।

सन्दर्भः– न्यायालय विशिष्ठ न्यायधीश , लेंगिक अपराधो से बालको का संरक्षण अधिनियम , 2012 क्रम स. –02 जयपुर महानगर प्रथम के पत्रांक 801 दिनांक 06.12.2024 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि पोक्सो अधिनियम के प्रकरणों की मेडिकल रिपोर्ट्स में सम्बंधित मेडिकल मुआयना करने वाले चिकित्सको द्वारा की जा रही त्रुटियों और भिन्नताओ के बाबत चिकित्सको को एकरूपता लाने की दृष्टि से पीडिताओ के मामले में परिक्षण करने वाले मेडिकल बोर्ड या मेडिकल जूरिस्ट को न्यायालय विशिष्ठ न्यायधीश , लेंगिक अपराधो से बालको का संरक्षण अधिनियम , 2012 क्रम स. –02 जयपुर महानगर प्रथम के पत्रांक 801 दिनांक 06.12.2024 के द्वारा निर्देश दिए गए है कि :–

1. पीडिता के शरीर से लिए गए सैंपल और यदि कोई वस्त्र जब्त किये गए हो तो वे किस सील से सील किये गए है, उसका नमूना सील इम्प्रेशन मेडिकल रिपोर्ट पर तथा एफएसएल के फॉरवार्डिंग पत्र पर अंकित करें।
2. वे सैंपल्स वास्ते परिक्षण एफएसएल सील बंद हालत में किस शख्स को प्रदान किये, उसका स्पष्ट नाम व पद मेडिकल रिपोर्ट पर अंकित हो और उसकी रसीद जहाँ भी ली गयी हो , उस रसीद से सम्बंधित रजिस्टर /पृथक रसीद ली जाती है तो वह रसीद अथवा यदि मेडिकल रिपोर्ट की पुश्त पर रसीद ली जाती है तो वह रसीद (जैसी भी स्थिति हो) रिपोर्ट के साथ संलग्न करें।
3. एफएसएल का अग्रेषण पत्र तीन प्रतियों में जारी करें क्योंकि एक मूल पत्र तो एफएसएल में जमा हो जाता है और न्यायालय को वापस प्राप्त नहीं होता और उसकी एक ऑफिस प्रति मेडिकल बोर्ड /मेडिकल जूरिस्ट के कार्यालय में रह जाती है तो न्यायलय को यह ज्ञात नहीं हो पाता कि फॉरवार्डिंग पत्र पर नमूना सील अंकित थी या नहीं जिससे एफएसएल द्वारा नमूनों के लिफाफों का मिलान किया हो। अतः फॉरवार्डिंग पत्र की तीन –तीन प्रतियाँ तैयार हो व सैंपल के वाहक को दो प्रतियाँ प्रदान की जाये ताकि एक प्रति एफएसएल को व एक प्रति अनुसन्धान पत्रावली के साथ न्यायालय में पेश होने वाले नतीजो में शामिल हो सके व एक प्रति ऑफिस कॉपी के रूप में बोर्ड /जूरिस्ट द्वारा रख ली जाये।
4. फॉरवार्डिंग पत्र की प्रत्येक प्रति पर असल नमूना सील अंकित की जाये।

अतः सभी संबंधितो से उपरोक्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावें।

(डॉ. रवि प्रकाश माथुर)
**निदेशक (जन स्वा)**
**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं**
**राज. जयपुर**

Validity unknown Signature valid
Digitally signed by Dr Ravi Prakash Mathur
Designation: Director
Date: 2024.12.2… 5:11:36 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 12565460